न्यायालय उपखण्ड अधिकारी पुष्कर, अजमेर (राज0)

पीठासीन अधिकारी – श्री दिलीप सिंह (आर.ए.एस.)

प्रकरण संख्या	आरसीएमएस	दायर दिनांक	निर्णय दिनांक
29 / 2021	2021 / 54	20.07.2021	20.07.2021

उनवान

श्री नोरत मल उर्फ रामदेव पुत्र पूनाराम जाति मेघवाल निवासी डूंगरिया खुर्द तहसील पुष्कर जिला अजमेर।

प्रार्थी

बनाम

राजस्थान सरकार जरिये विद्वान तहसीलदार, पुष्कर जिला अजमेर।

अप्रार्थी

उपस्थितः–

पैरोकार सरकार तहसीलदार पुष्कर।

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम, 1956

–:: निर्णय ::–

संक्षेप में विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी ने यह प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 के तहत ग्राम डूंगरिया खुर्द तहसील पुष्कर जिला अजमेर अवस्थित आराजी कृषि भूमि के खाता संख्या 255 के खसरा नंबर 950 / 100 के सहखातेदार रामदेव पुत्र पूना हिस्सा 1 / 8 जाति भांबी के नाम (अशुद्धि) की दुरूस्ती कर तरमीम किये जाने हेतु प्रस्तुत किया गया।

इस पर प्रार्थी के प्रार्थना पत्र को [illegible] तहसीलदार पुष्कर से प्रकरण की जॉच कर तथ्यात्मक रिपोर्ट मागी गई। जिसकी अनुपालना में अप्रार्थी [illegible] 01 (तहसीलदार), पुष्कर द्वारा हाजिर होकर जवाब प्रार्थना पत्र पेश किया गया।

Signature Not Verified
Digitally signed by Dilip Singh
Date: 2021.07.28 11:58:43 IST
Reason: SelfAttested

Rathore
20/07/21

इस संबंध में पेरोकार सरकार/तहसीलदार द्वारा दिनांक 16.07.2021 पत्र क्रमांक/भू.अ./विविध/21/1065 न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत जवाब प्रार्थना पत्र एवं मौका पर्चा में कथन किया कि " ग्राम डूंगरिया खुर्द की वर्तमान जमाबंदी सम्वत् 2071–2074 के खाता संख्या 255 के खसरा संख्या 950/100 रकबा 0.04 है0 के सहखातेदार रामदेव पुत्र पूना हिस्सा 1/8 जाति भांबी सा.देह खातेदार का साक्ष्य दस्तावेजों एवं ग्रामवासियों की जानकारी के अनुसार रामदेव पुत्र पूना एवं नोरत मल पुत्र पूना दोनों एक ही व्यक्ति के प्रचलित नाम है।"

हमने उभयपक्षकारान की बहस सुनी। पत्रावली का अवलोकन किया तथा उभयपक्ष द्वारा की गई बहस पर मनन किया। प्रस्तुत दस्तावेज साक्ष्यों यथा – ग्राम पंचायत कड़ैल का प्रमाण पत्र (क्रमांक 67 दिनांक 02.07.2021), राउमावि डूंगरिया खुर्द (कड़ैल) का प्रमाण पत्र (क्रमांक 1890 दिनांक 30.01.2021), आधार कार्ड, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, प्रारंभिक शिक्षा प्रमाण पत्र, राउप्रावि डूंगरिया खुर्द पीसांगन (अजमेर) नाम शुद्धि की प्रतिलिपि, जमाबंदी की नकल से यह प्रतीत होता है कि राजस्व ग्राम डूंगरिया खुर्द तहसील पुष्कर जिला अजमेर अवस्थित आराजी कृषि भूमि के खाता संख्या 255 के खसरा नम्बर 950/100 रकबा 0.0400 है0, के सहखातेदार रामदेव पुत्र पूना हिस्सा 1/8 जाति भांबी के नाम की (अशुद्धि) त्रुटिपूर्ण दर्शाया जाकर दर्ज किया गया, जिसकी शुद्धि करना न्यायहित में उचित प्रतीत होता है।

–:: क्रियात्मक आदेश ::–

उपरोक्त विवेचन के परिणाम स्वरूप प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 को स्वीकार किया जाता है। राजस्व ग्राम डूंगरिया खुर्द तहसील पुष्कर जिला अजमेर अवस्थित आराजी कृषि भूमि के खाता संख्या 255 के खसरा नम्बर 950/100 रकबा 0.0400 है0, के सहखातेदार रामदेव पुत्र पूना हिस्सा 1/8 जाति भांबी के नाम दर्शाया गया है, जिसके स्थान पर नाम संशोधन के पश्चात् नोरत मल पुत्र पूना जाति भांबी (अन्य राजस्व रिकॉर्ड यथावत्) तरमीम करने के आदेश तहसीलदार पुष्कर को प्रदान किये जाते है।

यह निर्णय आज दिनांक 20.07.2021 को मेरे [illegible] सुनाया गया।

Signature Not Verified

Digitally signed by Dilip Singh
Date: 2021.07.28 11:58:43 IST
Reason: SelfAttested

20/07/21
(दिलीप सिंह)
उपखण्ड अधिकारी,पुष्कर